




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live


बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 255 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 29 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया

## घरेलू बिजली से चार्ज हो रहे कमर्शियल वाहन

### चार्जिंग पाइंट भी नहीं लग पाए, नियमों का नहीं हो रहा पालन

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस। बीते तीन-चार साल से अंचल में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन लगातार बढ़ रहा है। खासकर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर चलाने वालों की संख्या 3600 के पार हो चुकी है, वहीं ई-रिक्शा व ई-ऑटो की संख्या ढाई सौ के आंकड़े को पार कर चुकी है। इनमें से अधिकतर ई-वाहन घरेलू कनेक्शन वाली बिजली से चार्ज हो रहे हैं। खासकर कमर्शियल संचालन करने वालों द्वारा पृथक से कनेक्शन नहीं लिए जा रहे, जबकि इनका अगल टैरिफ रहता है।**

तीन-चार साल में जिले में एक दर्जन से ज्यादा ई-वाहन कंपनियों के शोरूम तक खुल चुके हैं। जहां सिंगल चार्जिंग में 40 किलोमीटर से 150 किमी तक चलने का दावा किया जाता है। करीब ढाई साल पहले तत्कालीन कलेक्टर गौतमसिंह ने नपा को निर्देश दिए थे कि शहर में 3 स्थानों पर चार्जिंग पाइंट लगाए जाएं ताकि ई-व्हीकल न्यूनतम दरों पर चार्ज हो सकें। हालांकि आदेश का अब तक पालन नहीं हुआ। मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी द्वारा विभिन्न कैटेगरी के बिजली कनेक्शन जारी किए जाते हैं, जिसमें कमर्शियल उपयोग वाले वाहनों के लिए भी चार्जिंग के लिए घरेलू के बजाय कमर्शियल कनेक्शन आवश्यक है। लेकिन, चेकिंग के अभाव में पालन नहीं हो रहा।

चूंकि घरेलू कनेक्शन में मासिक बिल बेहद कम आता है। ऐसे में कंपनी के दफ्तर में गिने-चुने लोगों ने ही आवेदन दिए। जबकि, 85 से 90 फीसदी ई-व्हीकल घरेलू बिजली से चार्ज हो रहे हैं। बिजली कंपनी के अधिकारियो का कहना है कि निजी उपयोग वाले वाहन हैं तो उनको घरेलू बिजली से चार्ज किया जा सकेगा। लेकिन ई-रिक्शा, ई-ऑटो जैसे कैटेगरी के कमर्शियल वाहनों के लिए व्यावसायिक कनेक्शन जरूरी है। समय-समय पर जांच भी की जाएगी।

# फिर शुरु हुआ बच्चों की जान से खिलवाड़ का खेल



## ऑटो में ड्राइवर सीट पर बच्चे, हमेशा बनी रहती हादसे की आशंका

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल खुलते ही बच्चों की जान से खिलवाड़ का खेल शुरु हो गया है। परिवहन के दौरान बच्चोंकी सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन से लेकर जिम्मेदार विभाग कोई भी गंभीर नहीं है। आलम यह है कि ऑटो व मैजिक संचालक बच्चों को बाहर लटकाकर सरपट दौड़ रहे हैं। जवाबदेही से बचने के लिए स्कूल प्रबंधन भी ऑटो व मैजिक को ही बढ़ावा दे रहे हैं। इसके चलते एक ही निजी स्कूल के बच्चे करीब 150 से अधिक ऑटो व मैजिक में सफर कर रहे हैं। लाभ सिद्ध करने के कारण ऑटो संचालक भी क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर उनकी जान से खिलवाड़ करने से नहीं चूक रहे हैं। हालात यह है कि ऑटो में ड्राइवर सीट पर बच्चे चालक के पास बैठे हुए देखे जा सकते हैं। जिनके पैर ऑटो के बाहर लटकते नजर आते है।

### दोनों विभागों में तालमेल का अभाव...

कभी कभी एक दो दिनों की औपचारिकता के बाद कोई ठोस कार्रवाई अभी तक इस मामले में नहीं की गई है। एक दो दिन में अभियान ठंडे

### [ मामला स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने का ]

बस्ते में चला जाता है। भले ही अधिकारी समय- समय पर कार्रवाई करने का दावा करते हों। लेकिन, बच्चों को लटकाकर दौड़ते ऑटो जिम्मेदारों के दावों को झूठा साबित करते हैं। परिवहन व यातायात विभाग में आपसी तालमेल नहीं होने के चलते कोई भी जांच अभियान लंबे समय तक नहीं चल पाता। कुछ दिन की जांच महज औपचारिकता बनकर रह जाती है। जानकारी के अनुसार शहर में डेढ़ सौ से अधिक ऑटो- मैजिक हैं। इनमें अधिकतर वाहनों में क्षमता से दोगुना अधिक बच्चों को बैठाया जाता है। कई बार बच्चे वाहन से लटकते हुए भी देखे जा सकते हैं।

### अभिभावकों की मजबूरी का उठा रहे फायदा, ले रहे मोटा मुनाफा...

ऑटो व मैजिक निजी स्कूलों से आधिकारिक रूप से संबद्धता नहीं रखते हैं। इसके चलते कोई भी हादसा या घटना होने पर स्कूल प्रबंधन अपने हाथ खींच लेता है। अभिभावकों का कहना है कि ऑटो वाले प्रतिमाह 800 से 1000 रुपए तक लेते हैं। बच्चों की संख्या के आधार पर राशि कम या ज्यादा होती है। इसी मजबूरी का फायदा वाहन चालक उठा रहे हैं।

### 10 से अधिक स्कूली वाहन हो चुके हैं हादसे के शिकार...

करीब नौ साल में 10 से 12 स्कूल वाहन हादसे के शिकार हो गए हैं। घटना के बाद वाहन में क्षमता से अधिक बच्चे सवार मिलते हैं। कई बार फिटनेस संबंधी कोई ना कोई खामी पाई जाती हैं। समय पर नहीं जागकर विभाग हादसे के बाद वाहन के फिटनेस निरस्त करने कार्रवाई करता है।



# नहीं मिले फायर सेफ्टी के इंतजाम

## एमपी नगर में कोचिंग, कैफे, गेम जोन सील

**भोपाल, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के संस्थानों में फायर सेफ्टी के इंतजामों की जांच जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। साथ ही संचालकों को समझाइश दी जा रही है कि वह आगजनी से बचाव के सभी इंतजाम करके रखें। यदि फायर सेफ्टी का पालन नहीं किया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसी के तहत एमपी नगर एसडीएम ने अलग-अलग संस्थानों का निरीक्षण किया। यहां दो कोचिंग, एक गेम जोन और एक कैफे में फायर सेफ्टी का पालन नहीं किया जा रहा था। इससे चारों पर कार्रवाई करते हुए सील कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार एडीएम हिमांशु चंद्र ने निर्देश पर कोचिंग संस्थान, रेस्टोरेंट, होटल संचालकों के साथ बैठक कर यह निर्देश दिए थे कि जिनके पास फायर सेफ्टी की एनओसी नहीं है और हाइड्रेंट सिस्टम नहीं लगा है, वह सभी एक सप्ताह में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एडीएम के द्वारा दिए गए निर्देश के 15 दिन बाद भी कई संस्थानों में फायर सिस्टम और हाइड्रेंट सिस्टम लगवाने की रिपोर्ट पेश नहीं की गई है। इस पर एसडीएम एमपीनगर लक्ष्मीकांत खरे ने तहसीलदार सुनील वर्मा, फायर अधिकारी अशर खान, शिक्षा विभाग के अभिषेक वैश्य व अन्य विभागों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान रिजोनेंस और स्टेप अप कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी के इंतजाम नजर नहीं आए। इसके परिणाम स्वरूप दोनों कोचिंग कार्यालयों को सील कर दिया गया हैं। साथ ही बच्चों की पढ़ाई का ध्यान रखते हुए कक्षाओं को सील नहीं किया गया है।

एसडीएम ने बताया कि एमपीनगर स्थित इंफिनिटी गेम जोन और एक कैफे को भी फायर सेफ्टी नार्म्स का पालन नहीं करने के कारण सील कर दिया गया है। साथ ही संचालकों को चेतावनी दी गई है कि वह जल्द ही फायर सेफ्टी के इंतजाम कर लें।

## ईवी खरीदने पर मिलेगी सब्सिडी

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए सरकार मोटर व्हीकल टैक्स खत्म करने जा रही है। अभी ईवी पर 1 प्रतिशत टैक्स है। ईवी के निर्माण से लेकर बिक्री तक कई सुविधाएं और राहत दी जाएंगी। तीन माह में नई इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी तैयार होगी। इसके लिए नगरीय विकास विभाग को नोडल बनाया है।

15 विभाग अपने स्तर पर ईवी को प्रोत्साहित करने छूट व सब्सिडी देंगे। नगरीय विकास विभाग के अफसर अन्य विभागों के साथ पॉलिसी के लिए बैठक कर रहे हैं। अभी मध्यप्रदेश में 2019 की ईवी पॉलिसी लागू है, पर इससे ईवी को ज्यादा बढ़ावा नहीं मिल रहा। अन्य राज्यों में सब्सिडी व टैक्स में ज्यादा छूट है।


### इन राज्यों में सब्सिडी...

गुजरात में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन पर अधिकतम 20 हजार, तिपहिया पर 50 हजार और चार पहिया पर डेढ़ लाख रूपए सब्सिडी दी जाती है। हरियाणा में नए ईवी कमर्शियल वाहन पर 6 लाख तक सब्सिडी बढ़ा दी है। हाइब्रिड कारों पर 3 लाख तक की सब्सिडी दी जा रही है। केरल में पहले पांच साल रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट है।

# निजी स्कूलों ने 10 फीसदी से अधिक बढ़ाई फीस

### [ अब दो-दो लाख रुपये लगेगा जुर्माना ]

**भोपाल, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** राजधानी भोपाल के कोलार क्षेत्र के चार निजी स्कूलों पर फीस अधिनियम के तहत कार्रवाई हुई है। जिला प्रशासन ने इन स्कूलों के विरुद्ध 10 फीसदी से अधिक फीस वृद्धि को लेकर कार्रवाई की है। अब इन स्कूलों को अभिभावकों से वसूली गई फीस वापस लौटानी होगी।




इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल, कैंपियन स्कूल भौंरी समेत एक अन्य निजी स्कूल शामिल है। इन्हें 30 दिन में बढ़ाई गई फीस विद्यार्थी या अभिभावकों के खाते में ऑनलाइन लौटानी होगी। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) अंजनी कुमार त्रिपाठी ने इन निजी स्कूलों को फीस लौटाने के लिए नोटिस जारी किए हैं।

जिन स्कूलों ने हर वर्ष 10 प्रतिशत से ज्यादा फीस बढ़ाई है, उन्हें फीस लौटाने के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में स्कूल संचालकों को चेतावनी दी गई है कि फीस अधिनियम का पालन किए बिना ली गई फीस वापस नहीं करने पर अधिनियम की धारा 9 (9) के तहत जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। डीईओ ने भोपाल के चैतन्य टेक्नो स्कूल कोलार रोड, कैंपियन स्कूल भौंरी, डीपीएस कोलार को अधिनियम का पालन नहीं करने के लिए दोषी माना है।

### राजधानी में 150 सीबीएसई स्कूलों में 93 ने दी फीस संबंधित जानकारी...

भोपाल के 150 सीबीएसई स्कूलों में 93 ने फीस सहित अन्य आय-व्यय का ब्यौरा दिया है। जानकारी नहीं देने वाले स्कूलों की जांच के लिए जिला शिक्षा विभाग ने समिति तैयार की है। स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों से आय-व्यय व अन्य जानकारी मांगी थी। 24 जून अंतिम तिथि तक भोपाल में 93 सीबीएसई स्कूलों ने ही पोर्टल पर जानकारी अपलोड की। वहीं, स्कूल शिक्षा विभाग से संबद्ध 877 निजी स्कूलों ने पोर्टल पर फीस की जानकारी अपलोड कर दी है। अब फीस अधिनियम 2017 और 2020 के तहत जिला शिक्षा विभाग कार्रवाई कर रहा है।

### इनका कहना...

एसडीएम व तहसीलदारों ने अपने-अपने क्षेत्रों के 10 से 12 स्कूलों के खिलाफ प्रतिवेदन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को कार्रवाई के लिए भेजे हैं। इन स्कूलों की संख्या एक-दो दिन में और बढ़ेगी। जिन स्कूलों पर कार्रवाई की गई है, उन्होंने बीते पांच वर्ष में (कोरोना काल छोड़कर) दस फीसदी से अधिक फीस बढ़ाई है। फीस बढ़ोतरी की राशि 10.5 से 15 प्रतिशत तक है। इन स्कूलों को सात दिन में विद्यार्थियों का डाटा देने के लिए नोटिस दिया गया है। साथ ही 30 दिन में इन चार स्कूलों को विद्यार्थियों या अभिभावकों के खाते में बढ़ाई गई फीस लौटाना होगी।

**अंजनी कुमार त्रिपाठी**
**डीईओ, भोपाल**

चार निजी स्कूलों के जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद उनके खिलाफ फीस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। आगे भी निजी स्कूलों की मनमानी पर निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह**
**कलेक्टर, भोपाल**

### मंदसौर में भी कार्रवाई की दरकार...

प्रदेश की राजधानी में जहां जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग लगातार सक्रिय है। वहीं मंदसौर में शिक्षा विभाग ढिलाई बरत रहा है। प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित मंदसौर जिले में भी अनेक स्कूल है, जो लगातार फीस बढ़ाते जा रहे है। मध्यमवर्गीय व्यक्ति को अपने बच्चो को अच्छे स्कूल में पढ़ाना अब सपना बनता जा रहा है। ऐसे में यहां भी सभी स्कूलो को नोटिस देकर खामियां होने पर कठोर कार्यवाही की दरकार है।

## सांप ने डसा, मौत

**नीमच, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** जीरन थाना क्षेत्र के ग्राम अरनिया बोराना में सांप के डसने का मामला सामने आया है। यहां पशुओं को खिलाने के लिए भूसा भरते समय सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गइ। गांव अरनिया बोराना निवासी उंकार लाल पिता भूरालाल उम्र 43 साल जाति गुर्जर शुक्रवार सुबह अपने घर के पास बने बाड़े में पशुओं के लिए भूसा भर रहे थे। इसी समय उन्हें जहरीले सांप ने डस लिया।

जिसके बाद तत्काल परिजन उन्हे बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं मृतक के शव का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।



**यातायात नियमों का उल्लंघन**

**बीपीएल चौराहा पुलिस सहायता केन्द्र के सामने यातायात नियमों को तोड़ते हुए बीच डिवाईडर से दो पहिया वाहन निकल रहे।**

## रंगदारी टेक्स नहीं दिया तो बाईक में लगाई आग



**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनो शहर सहित अंचल में क्राईम लगातार बढ़ रहा है। पुलिस जिस मुस्तैदी से क्राईम कंट्रोल करती है, उतनी ही तेजी से गुंडे भी पैदा हो रहे है। शहर के गुदरी तोड़ा इलाके में ऐसे ही एक मामले में फरियादी ने रंगदारी टेक्स नहीं दिया तो बदमाश ने उसकी बाईक में आग लगा दी।

शहर कोतवाली के गुदरी तोड़ा में बदमाश नदीम पिता नौशाद जबरन दादागिरी करता है और लोगो से हफ्ता वसूली करता है। उसका कहना है कि मोहल्ले में रहना है तो हफ्ता देना होगा, नहीं दिया तो कुछ भी नुकसान हो सकता है। शहर कोतवाली में शाहरुख पिता रसीद हुसैन नियारगर उम्र 26 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी घर के बाहर खड़ी बाइक में नदीम पिता नौशाद ने आग लगा दी। वह हफ्ता मांग रहा था, नहीं दिया तो दोस्त पुलिस चौकी के पास उसके घर के बाहर खड़ी बाईक में आग लगा दी। जिससे उसे नुकसान हुआ। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को तलाश रही है।

# कांग्रेस संगठन में पुनरुत्थान के लिए बदलाव जरूरी है, पर कर पाना असंभव सा..!

**मंदसौर/उज्जैन, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस संगठन 1984 में स्वर्गीय राजीव गांधी के नेतृत्व में राजनीतिक जगत के शीर्ष पर था। सदन में संख्या बल की ऐतिहासिक ताकत और सत्ता के गुरूर ने इसी नेतृत्व काल में ही कांग्रेस को अर्थ से फर्श की फिसलन पर धकेल दिया था। फिसले भी ऐसे की यही राजीव गांधी कभी दूसरी बार कांग्रेस को सत्ता में नहीं ला पाए। जितनी उनकी उम्र थी, उतना ना राजनीतिक ना कांग्रेस संगठन चलाने का अनुभव था। इसलिए चाटुकारों से घिर गए थे। कांग्रेस का अस्तित्व घटता गया, फिसलन के कारण अर्श के करीब होते गए। बाद में विपक्ष की सरकार बनने लगी, जब कांग्रेस संगठन को अपने बल पर सरकार बनने के लक्षण दूर तक नजर नहीं आए तब अनेक राजनीतिक दलों के साथ मिलकर यूपीए गठबंधन कर सरकार बनाई गई थी।



चन्द्रमोहन भगत

सभी जानते हैं बीते दो लोकसभा मे विपक्ष का नेता बनने लायक सांसदों की संख्या भी कांग्रेस नहीं छु पाई थी। इस दुर्गति का जिम्मेदार भी कांग्रेस का सिर्फ नेतृत्व ही था, जो लगातार ही अपने कार्यकर्ताओं के मुकाबले चाटुकारों को तरजीह देता रहा है। वर्तमान संसद में कांग्रेस के 99 सांसद है। इनमें से आधों की जीत का कारण मोदी सरकार से नाराजी का मत मिलना है ना कि कांग्रेस की लोकप्रियता का मत। इसी कारण अब कांग्रेस के पुनरुत्थान के बारे में सोचा जाने लगा है। वह भी इसलिए कि जब से राहुल गांधी ने भारत जोड़ो और न्याय यात्रा के दौरान आम जन से मुलाकातें की और पाया कि कांग्रेस संगठन को लगातार जिंदा रखना है तो चाटुकारों से मुक्त होना पड़ेगा। लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी चयन से लेकर नतीजे के आने तक के राहुल के खुद के अनुभव भी यात्रा के दौरान मिली शिकायतो से मेल खाते नजर आ रहे थे। यहां तक दावा किया जा रहा है कि लाखों सब्सक्राइबर वाले युट्यूबरों ने भी राहुल गांधी को कांग्रेस उत्थान के लिए वर्तमान संगठन पदाधिकारी को सेवानिवृत्ति कर जन आधार वाले नेताओं पर भरोसा कर संगठन में प्रांत वार स्थान दिए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

ऐसा भी नहीं है कि कांग्रेस की लगातार घटती जनसाख और संगठन में समाए भाजपा के स्लीपर सेल की जानकारी राहुल गांधी को ना हो। इसके उलट दावा यह भी किया जा रहा है कि खुद सोनिया, राहुल और प्रियंका के करीबी भी स्लीपर सेल का काम कर कांग्रेस को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व में प्रमुख पदों पर भी इन्हीं लोगों ने कब्जा कर रखा है। इसलिए लंबे समय से कांग्रेस की राजनीति पर काम करने व नजर रखने वालों का कहना है कि कांग्रेस के पुनरुत्थान के लिए धरातल से शीर्ष तक परिवर्तन की घोर आवश्यकता है। पर, परिवर्तन कर पाना इसलिए संभव नजर नहीं आता है कि अत्यंत प्रमुख पदों पर भी भीतरघाती स्लीपर सेलों का कब्जा है। अगर इन्हें छेडा भी जाता है तो अंतर विरोध के साथ सार्वजनिक छवि के नुकसान का डर सतह पर आ जाता है।

राहुल गांधी ने हिम्मत कर अगर इन्हें पहचान कर दरकिनार भी किया तो यही बीजेपी में समाकर नुकसान पहुंचाएंगे। ताजा उदाहरण कर्नाटक तेलंगाना है, जहां कांग्रेस का अच्छा खासा वर्चस्व कुछ समर्पित कार्यकर्ताओं ने बना दिया था। विधानसभा चुनाव में नतीजे भी अच्छे आए थे। फिर स्लीपर सेल ने कमान संभाली और लोकसभा चुनाव में नुकसान वाले नतीजे आ गए। इसलिए माना जा रहा है कि भले ही यह शास्वत सच है कि कांग्रेस संगठन में आमूल चूल परिवर्तन किया जाना अत्यंत जरूरी है, पर किया जाना गांधी परिवार के लिए भी संभव है? अगर होता तो 1989 के बाद से लगातार केंद्र सहित राज्यों में कांग्रेस हारते हुए हाशिए पर नहीं पहुंचती..!



# सभी विभाग आगामी 5 वर्ष का विजन डाक्यूमेंट बनाकर तुरंत प्रस्तुत करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सभी विभाग प्रमुखों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित कर निर्देश दिए की आगामी 5 वर्ष का विजन डॉक्यूमेंट सभी विभाग तैयार करें। सभी विभाग प्रमुख अपने-अपने विभाग की समस्त प्राथमिकता वाली आवश्यकता एवं संसाधनों का एक डॉक्यूमेंट तैयार करें तथा तुरंत प्रस्तुत करें। प्रमुख प्राथमिकता वाली आवश्यकताओं में अधोसंरचना, सामुदायिक विकास, सामाजिक न्याय, रोजगार बढाना, संसाधन की व्यवस्था, विभाग के कमजोर पक्ष, विभाग के लिए बजट, जन सहयोग, सीएसआर फंड इत्यादि के साथ ही जिले की प्राथमिकता में जनसंख्या वृद्धि नियंत्रण, हर खेत पर कैसे पानी पहुंचाया जा सकता है, सिंचाई परियोजना, हर घर पर जल, जल प्रबंधन, ऊर्जा उत्पादन, जैविक खेती, वृक्षारोपण, खेती की लागत में कमी करना, दूध उत्पादन को बढ़ाना, देसी नस्ल की गाय को बढ़ाना, पक्का आवास निर्माण करना, शौचालय, शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना, शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में सुधार करना इत्यादि विषयों के साथ ही अपने विभागों के प्राथमिकता वाले विषयों पर आगामी 5 वर्ष का रोड मैप तैयार करें। सभी विभाग प्राथमिकता से ध्यान में रखते हुए आगामी 5 वर्ष का रोड मैप तैयार करें। हर विभाग की अलग से समीक्षा की जाएगी। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

# ट्रक में केले के नीचे 43 लाख से ज्यादा का डोडाचूरा जप्त, दो गिरफ्तार

**रतलाम, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे है। पुलिस को इनको पकडने में भी सफलता मिल रही है। जावरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्रक में केले के निचे 900 कि.ग्रा. अवैध मादक पदार्थ ले जाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने माल जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

जावरा थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक ट्रक क्रमांक एचआर 57-ए-8843 में दो व्यक्ति ट्रक में केले के नीचे डोडाचूरा भरकर मंदसौर की ओर से जावरा होकर रतलाम के रास्ते होकर बाहर जाने वाले है, जिसको यदि भैंसाना फण्टे पर नाकाबंदी की जाये तो सफलता मिल सकती है। पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढा के निर्देश पर थाना प्रभारी निरी. मुनेन्द्र गौतम के नतृत्व में टीम गठित की कर तत्काल टीम को रवाना किया गया। टीम ने मुखबिर के बताये स्थान भैसाना फन्टा नीमच महू रोड जावरा पर नाकाबन्दी की गयी।



कुछ देर बाद सूचना अनुसार सफेद रंग का ट्रक अशोक लीलेण्ड कंपनी का आता दिखाई दिया, जिसको घेराबंदी कर रोका तथा ट्रक चालक का नाम पता पूछने पर नाम विजेन्द्र कुमार पिता सुरेन्द्र सिंह जाति नाई उम्र 36 साल निवासी जवाहर नगर मण्डी डबवाली, थाना डबवाली जिला सिरसा हरियाणा का बताया तथा कण्डक्टर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम गगनदीप पिता नरेश यादव उम्र 24 साल निवासी धारीवाल नगर डबवाली, थाना इववाली जिला सिरसा हरियाणा का होना बताया। पुलिस को शंका होने पर ट्रक की तलाशी ली गई, जिसमे ट्रक में कुल 45 कट्ठे में भरा कुल 900 कि.ग्रा. अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा एवं कच्चे केले साढे चार टन भरा पाया गया। जिसे मौके पर जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके विरुद्ध धारा 8/15 एन.डी.पी.एस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। जांच के दौरान दोनों आरोपी बिजेन्द्र एवं गगनदीप यादव को न्यायालय पेश किया जहा से पुलिस रिमाड प्राप्त कर अवैध मादक पदार्थ के खोत एवं अन्य आरोपियों के संबंध मे पछताछ करेगी। ट्रक में डोडाचूरा 45 कट्ठे में भरा हुआ कुल 900 कि.ग्रा., कच्चे केले साढे चार टन, दो मोबाईल फोन, एक ट्रक अशोक लिलेण्ड कुल मशरूका कीमती 43,65,000/-रुपये जप्त किया।

# भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को लेकर बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) की मंत्रिमंडल व राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक को सफल बनाने हेतु राजू मुण्डेल के कार्यालय पर आयोजित की गई जिसमें 29 जून को मंदसौर के मनमोहन वाटिका में आयोजित मंत्रिमंडल व राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक को सफल बनाने हेतु व्यापक चर्चा हुई एवं कार्ययोजना बनाई गई।

बैठक में भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष वरदीचंद कुमावत ने बताया कि भगवान श्री पशुपतिनाथ की नगरी में समाज का इतना भव्य और वृहद आयोजन प्रथम बार हो रहा है जिसमें भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के देशभर से पदाधिकारी व प्रतिनिधि भाग लेने मंदसौर आ रहे है। आपने बताया कि आज 29 जून शनिवार सुबह 8.30 बजे से पंजीयन के बाद सुबह 10 बजे से 01.30 बजे तक बैठक होगी। इसके बाद दोपहर 2.40 से 5 बजे तक अधिवेशन होगा। इसके बाद प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, फुलेरा के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठभाजपा नेता निर्मल कुमावत, विशेष अतिथि मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी श्री ज्ञानदासजी महाराज (कुलगुरु कुमावत समाज भारत) श्री पंच निर्मोही अड़ी अखाड़ा श्री दादूराम आश्रम, उज्जैन होंगे। अध्यक्षता भारतीय क्षत्रीय कुमावत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष युधिष्ठीर कुमावत करेंगे। विशिष्ठ अतिथि भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के महामंत्री सूरजमल अडानिया, जोन अध्यक्ष व जोन महामंत्री (मप्र. जोन), प्रदेश अध्यक्ष लीलाधर दौराया होंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू मुण्डेल ने बताया कि बैठक में देश भर से मंत्रिमंडल सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय प्रतिनिधि, परामर्शक सहित महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली-हरियाणा व राजस्थान के दक्षिण-पश्चिम व उत्तर-पूर्व जोन अध्यक्ष व महामंत्री भाग लेंगे, इसमें मध्यप्रदेश के 14 राष्ट्रीय प्रतिनिधिगण भी शामिल होंगे। बैठक में महामंत्री राजेश अडानिया, कोषाध्यक्ष मदनलाल अडानिया, सह कोषाध्यक्ष बंटी मुडेल, सांस्कृतिक मंत्री बाबू डूंगरवाल, नगर अध्यक्ष गोवर्धन कुमावत, कार्यकारिणी सदस्य नरेन्द्र माण्डेला, हरीश कुमावत, माणकलाल अडानिया, सत्यनारायण मांदलिया आदि उपस्थित थे।



# पेड़, पौधे पर्यावरण के सजग प्रहरी-शर्मा

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** पेड़ पौधे मानव और अन्य जीव जंतुओं को जीवन दान देते हैं। जल थल और वायु का संतुलन बनाने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

यह उद्गार व्यक्त किये संस्कृति कर्मी और फ़िल्म समीक्षक प्रदीप शर्मा ने। उन्होंने हरित क्रांति समूह द्वारा पर्यावरण संगोष्ठी में यह भी कहा कि हमें प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षों का संरक्ष करना चाहिए। इस अवसर पर बोलते हुवे नन्द किशोर राठौर ने कहा कि सनातन धर्म मे पेड़ों का स्थान देवों के समान माना गया है।

हरित क्रांति समूह के वरिष्ठसदस्य असअद अन्सारी ने कहा कि मानव को 24 घण्टे में 560 लीटर ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है और एक पेड़ औसतन 60 लीटर ऑक्सीजन देता है, इस लिए एक इंसान को कम से कम 9 वृक्षों का संरक्षण करना चाहिए।संगीत महाविद्यालय की जनभगीदारी समिति अध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी ने कहा पौध रोपण सिर्फ़ फ़ोटो खिंचवाने के लिए ही नहीं किया जाना चाहिए।मालवा मेवाड़ शार्ट फ़िल्म फ़ेस्टिवल समिति अध्यक्ष और संगीत कला प्रेमी रमेशचन्द्र गंगवानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुवे कहा कि पर्यावरण सुधार सिर्फ़ सरकारों का दायित्व नहीं आमजनों को इस क्षेत्र में आगे आना चाहिए और वृक्षों की कटाई को कड़ाई से रोका जाना चाहिए। इस अवसर पर मनी शामगढ़ी, चंदा डांगी, हमन्त कछावा, समीर ख़ान, पुष्पेंद्र चौहान, नरेंद्र भावसार, संजय भारती, रानी राठौर, राजकुमार अग्रवाल, नन्दिनी शर्मा ने भी अपने विचार रखे और यह निर्णय लिया गया के समूह के किसी भी सदस्य का जन्म दिन होने पर केक काटने के बजाए ट्रीगार्ड सहित पौध रोपण किया जाना चाहिए। अंत मे अतिथि प्रदीपशर्मा को सभी ने जन्म दिन की बधाई दी तथा पौधे भेंट किए। संचालन नरेंद्र त्रिवेदी तथा आभार असअद अन्सारी ने माना।

# सहकारी समितियों में किसानों के फसली ऋण की सीमा प्रति हेक्टेयर 1.50 लाख रुपये की जावे- गुर्जर

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व महामंत्री महेन्द्र सिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि अधिकांश किसान सहकारी समितियों के माध्यम से फसली ऋण लेकर फसल उत्पादन का कार्य करते हैं। लेकिन लगातार खाद, बीज, डीजल, दवाइयों, कृषि यंत्रों, मजदूरी बढ़ने सहित अन्य फसलों पर लागत राशि बढ़ने के कारण किसानों को मिलने वाला फसल ऋण से खेती को लाभ का धंधा बनाने में किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। श्री गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों को फसल ऋण खाद बीज ओर नगद मिलाकर कुल 54 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर ऋण दिया जाता है जिससे किसानों को खेती करने में आर्थिक कठिनाईयो का सामना करना पड़ता है। श्री गुर्जर ने कहा कि पिछले कई वर्षों र्से किसानों की फसल ऋण सीमा (लोन लिमिट) नही बढ़ाने के कारण किसान इसी लोन लिमिट पर फसल कर्ज लेने पर मजबूर हो रहे हैं। जिसके कारण किसानों को बाजार से अधिक ब्याज दरों पर ऋण लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



श्री गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में फसलों की लागत राशि के हिसाब से किसानों को 1लाख 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से खरीब और रबी का फसल ऋण साख सीमा की जावे ताकि किसानों को खेती करने के लिए प्रयाप्त ऋण मिल सके। श्री गुर्जर ने कहा वर्तमान खरीब सीजन में जिन किसानों ने फसली ऋण लिया है उनको भी नवीन फसल ऋण सिमा बढ़ाकर किसानों को लाभ दिया जावे। श्री गुर्जर ने कहा कि राष्ट्रीयकृत बैंकों से किसानों को फसली ऋण किसान क्रेडिट कार्ड 2 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से दिया जाता है। श्री गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार ने 2022 में किसानों की आय को दोगुना करने का वादा किया था लेकिन आज तक किसानों की आय जस की तस बनी हुई है। ऐसी विषम परिस्थितियों में किसान खेती को कैसे लाभ का धंधा बना सकते हैं। श्री गुर्जर ने फसल ऋण साख सीमा बढ़ाने के सम्बध में अपेक्स बैंक महाप्रबंधक भोपाल, प्रदेश की अग्रणी लीड बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जिला कलेक्टर मन्दसौर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मन्दसौर महाप्रबंधक से भी किसानों के हित में फसल ऋण बढ़ाने के लिए अनुरोध किया।

# बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित प्रशिक्षण सम्पन्न

## समस्त प्रतिभागी प्रशिक्षण की सुक्ष्मताओं को छात्रों तक पहुचाए-प्राचार्य डॉ. राठौर

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर में उज्जैन जिले के मॉनिटरिंग कर्ता जनशिक्षकों के पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन संस्था के प्राचार्य डा. दिलीप सिंह राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें उज्जैन जिले के 79 जनशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. राठौर द्वारा बताया गया की पाँच दिन का संस्थान में उज्जैन जिले के जनशिक्षकों को मॉनिटरिंग आधारित प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उन्हें बताया गया की शालाओं में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु मॉनिटरिंग के माध्यम किस प्रकार के सकारात्मक सुधार किया जा सकता है। समापन के अवसर पर संस्था के प्रशिक्षण प्रभारी श्री आर. डी. जोशी द्वारा बताया गया की जन शिक्षकों के प्रशिक्षण में अंतर जिला प्रशिक्षण की व्यवस्था करके जो नवाचार किया है वह सराहनीय है। अंतर जिला प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी जन शिक्षक पूरे समय प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करें और प्रशिक्षण के दौरान अपनाई गई नई तकनीक का क्रियान्वयन उज्जैन जिले की शालाओं के अनुवीक्षण के दौरान करें। समापन अवसर पर उज्जैन जिले के जन शिक्षकों



द्वारा स्वेच्छा से प्रेरित होकर डाइट मंदसौर को महाकाल की तस्वीर भेंट की एवं इस अवसर पर संस्थान के समस्त फैकल्टी सदस्यों व मास्टर ट्रेनर आदि का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री नरेन्द्र चौधरी ने किया, आभार श्री बंशीलाल ने माना। निपुण प्रोफेशनल कु. नेहा राजन एवं मार्गदर्शक शिक्षक श्री पंकज गेहलोद, नरेंद्र चौधरी, श्री नेपालसिंह तोमर, श्री बंशीलाल चौहान, श्री बलवंतसिह लोहार एवं श्री के. सी. धानिया आदि उपस्थित रहे।

# नपा द्वारा निर्माण एवं विध्वंस संग्रहण हेतु एक दिवसीय अभियान चलाया

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शासन निर्देशानुसार एक दिवसीय अभियान अंतर्गत निकाय द्वारा शहर में निर्माण एवं विध्वंस संग्रहण अभियान चलाया गया। शहर में निर्माण एवं विध्वंश अपशिष्ट संग्रहण अभियान चलाया गया जिसमे वार्ड क्र 7,28,35 से निर्माण एवं विध्वंश अपशिष्ट को निकाय कि टीम द्वारा उाऊप्लांट ले जाया गयों निर्माण एवं विध्वंश अपशिष्टको उाऊप्लांट पर पृथक-पृथक कर रखा गया। शासन निर्देशानुसार निर्माण एवं विध्वंश अपशिष्टसंग्रहण अभियान अंतर्गत नालियों के बहाव में अवरोध बनाऐ हुए है या सड़क पर मलबा फलाये गये है ऐसे घरों और निर्माणाधीन स्थानों पर चालानी कार्यवाही कि जा रही है।



# नपा द्वारा मलासुर अभियान चलाया

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शासन निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर पालिका द्वारा निकाय क्षेत्र में एक दिवसीय मलासुर अभियान चलाया गया। इस अभियान अंतर्गत रहवासियों को हर तिन साल में सेप्टिक टैंक खाली करने हेतु जागरूक किया गया। मलासुर अभियान अंतर्गत निकाय क्षेत्र से निकलने वाले मल को सुरक्षित निपटान हेतु FSTP प्लांट लेजाया गया जहाँ पर सेप्टिक टैंक निकलने वाले मल से खाद बनायीं जा रही है एवं ट्रीटेड वाटर का उपयोग डिवाईडर में लगे पौधे, निकाय क्षेत्र केगार्डन में इत्यादि में उपयोग किया जा रहा हैं नपा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारिया हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है एवं आम नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की जानकारियों से अवगत कराया जा रहा है।



# सीए ब्रांच द्वारा टर्फ क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया की मन्दसौर ब्रांच द्वारा टर्फ विकेट पर क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया। गुरूवार प्रात: 7 बजे से 18 टीमों के बीच मुकाबले आयोजित हुए जो देर रात 11 बजे समाप्त हुए।

सीए सप्ताह के दौरान मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा आयोजित इस प्रतिस्पर्धा में चार्टर्ड अकाउंटेंट की 6 टीम, चिकित्सकों की 4 टीम, लायन्स क्लब व रोटरी क्लब मन्दसौर की 1-1 टीम ने हिस्सा लिया। दिन भर चले लीग मैचों के बाद रात्रि में फाइनल मैच का आयोजन किया गया। फाइनल मैच खेलते हुए टर्फ टायटन्स ने अपने प्रतिद्वंदी टीम मन्दसौर सुपर किंग्स



को अंतिम मुकाबले में रोमांचक तरीके से 7 रन से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। टर्फ टायटन्स के हरफनमौला खिलाड़ी डॉ. शुभम जैन ने अपने प्रदर्शन से सभी दर्शकों का दिल जीतकर मैन आफ द सीरीज का खिताब जीता। सीए विद्यार्थियों की भी 6 टीमों के बीच मुकाबले आयोजित हुए जिसमें अंतिम मुकाबले में अकाउंटिंग डैज़ल्स से अपनी प्रतिद्वंदी टीम ऑडिट असेंस को हराते हुए खिताब पर कब्जा किया। मन्दसौर सीए ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने सभी खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिये बधाई देते हुए सफल आयोजन के लिये सभी सहभागियों का आभार प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया, समाजसेवी श्री ताराचंद जैसवानी व समाजसेवी श्री विकास आचार्य ने पुरस्कार वितरित किये। आभार प्रदर्शन सीए विकास भंडारी ने किया।



# रलायता में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर श्री कपिल कुमार मेहता के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में आज दिनांक 28 जून, 2024 को पारिक इंटरनेशनल स्कूल, रलायता, जिला मंदसौर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें जिला न्यायाधीश एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री विशाल शर्मा द्वारा सहभागिता की गई। न्यायाधीश श्री विशाल शर्मा द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को किशोर न्याय अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों, बाल श्रम से संबंधित कानूनी प्रावधानों एवं महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले योन अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण धिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों आदि के बारे में जानकारी दी। शिविर उपरांत वृहद विशेष वृक्षारोपण अभियान अन्तर्गत स्कूल परिसर में वृक्षारोण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें न्यायाधीश श्री विशाल शर्मा सहित उपस्थित विद्यालय के स्टॉफ एवं विद्यार्थीगण द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य एवं अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहें।


## ✻✻ जाहिर सुचना ✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कमल सिंह चौहान माता गुड्डी बाई निवासी बानीखेड़ी का हूँ, सुचना के माध्यम से सूचित किया जाता है की मेरे आधिपत्य की भूमि जो की ग्राम बानीखेड़ी मे है सर्वे क्रमांक 956 रकबा 0.042, सर्वे क्र. 957/1/1 रकबा 0.209, सर्वे क्र. 957/1 रकबा 0.104, सर्वे क्र. 958 रकबा 0.96 हेक्टेयर, कुल सर्वे नम्बर 04 रकबा 1.045 हेक्टेयर भूमि का विक्रय दिनांक 17/10/2022 को रश्मि पति मुकेश वी संघई को करवाई थीं। जो रूपये प्राप्त नहीं होने पर वापस 3.5 (साढ़े तीन बीघा) वापस मेरे नाम करवाई गयीं। जो 1.5 (डेढ़ बीघा) जमीन रश्मि पति मुकेश वी संघई के नाम है उसमे मेरा लेनदेन शेष है और एक चैक भी फर्जी है अत: यह भूमि मेरे कब्जे में है जिसका कोई खरीदी या बिक्री न करें ऐसा करने पर विवाद या माननीय न्यायालयीन प्रकरण की समस्त जवाबदेही खरीदी बिक्री करनेवालो की होंगी।

भवदीय
कमलसिंह चौहान, बानीखेड़ी


# जिले के सभी शासकीय कर्मी कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रात: 10 बजे रहे उपस्थित

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों का कढ़ाई से पालन करते हुए प्रतिदिन कार्यालय समय प्रात: 10 बजे कार्यालय में उपस्थित होना सुनश्चित करें। साथ ही अपने अधीनस्थ शासकीय कर्मियों को भी समय पर कार्यालय में उपस्थिती दर्ज किये जाने हेतु पाबंद करते हुए नियमित रूप से उपस्थिति पंजी का अवलोकन करें। प्रात: 10.15 बजे तक अनुपस्थिति की दशा में शासकीय कर्मियों की उपस्थिति अर्द्ध आकस्मिक अवकाश में सम्मिलित की जावें।


कार्यालय ग्राम पंचायत कयामपुर जनपद पंचायत सीतामऊ
जिला मंदसौर (म.प्र.)

**हाट नीलामी विज्ञप्ति**

क्रमांक / पंचा / 2024 दिनांक 28 जून 2024

सर्वसाधारण एवं इच्छुक व्यक्तियों को विज्ञप्ति द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कयामपुर में प्रति बुधवार लगने वाला हाट बाजार का पशु पंजीयन एवं बाजार बैठक फीस नीलामी वर्ष 2024-25 का ठेका दिया जाना है अत: इच्छुक व्यक्ति दिनांक 01 जुलाई 2024 सोमवार को दोपहर 12 बजे पंचायत भवन पर उपस्थित होकर नीलामी की बोली लगा सकते हैं इसके नियम व शर्ते निम्नानुसार है।

1- पशु पंजीयन वह बाजार फीस खुटा रसीद आवक-जावक का ठेका की अवधि 03 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक की रहेगी।
2- सरकारी बोली 121000 रुपये की रहेगी।
3- एडवांस राशि 30000 जमा करने पर बोली लगाने की पात्रता रहेगी।
4- बोली समाप्त होने के बाद शेष बोली की राशि दो दिवस के बाद वापस की जावेगी।
5- नीलामी की राशि की 40 प्रतिशत राशि तुरंत एक मुस्त जमा करनी होगी अन्यथा बोली निरस्त कर दी जावेगी।
6 स्टेशनरी आदि सामग्री (रशीद कट्टे) ग्राम पंचायत दुवारा प्रदाय किये जायेगे जिसका व्यय (राशी) ठेकेदार द्वारा वहन किया जावेगा।
7- नियम शर्ते ग्राम पंचायत के अधीन रहेंगे।

सरपंच
ग्राम पंचायत क्यामपुर
जनपद पंचायत सीतामऊ

सचिव
ग्राम पंचायत क्यामपुर
जनपद पंचायत सीतामऊ


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in